TA 34/21 रामकिशन बनाम / मूर्ति मंदिर श्री नृसिंह जी महाराज आदि

25.10.21

आज P.O महो. अन्य सम्बन्धित
हाजरी से तामील पेशी ... को
की मालूम में दिनांक 28.10.21

रीडर
जिला कलक्टर, दौसा।

28.10.2021 अधिवक्ता प्रतीगण उपस्थित। प्रकरण प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण उप जिला कलक्टर महुवा श्री रवि कुमार बिजप के न्यायालय से लंबित प्रकरण संख्या 38/2009 उनवानी रामकिशन बनाम मूर्ति मंदिर वगैरह को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण हेतु इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

विपक्ष अधिवक्ता प्रतीगण की बहस सुनी गई। प्रकरण का परीक्षण किया गया। अधिवक्ता प्रतीगण द्वारा जिस पीठासीन अधिकारी के विरुद्ध स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है वह स्थानान्तरण अन्यत्र हो चुका है। उक्त पीठासीन अधिकारी श्री रवि कुमार बिजप, उपजिला कलक्टर महुवा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रभाव शून्य (INFRUCTOUS) हो गया है। जिसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। फलतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रभावहीन / प्रभाव शून्य हो जाने से इसी आधार पर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर होकर नियत से कम हो। निर्णय आज दिनांक 28.10.2021 को पौने दस बजे खुले न्यायालय में सुनाया गया।

जिला कलेक्टर
दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official